प्रेस नोट दिनांक 26.02.2026

थाना साइबर क्राइम जनपद बरेली।

अन्तर्राज्यीय मोबाइल चोर/साइबर अपराधियों के गिरोह के 04 शातिर अभियुक्तों गिरफ्तार व विभिन्न राज्यो से चोरी किये गये लगभग 15 लाख कीमत के 45 मोबाइल फोन बरामद।

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 व श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली तथा श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली द्वारा साइबर क्राइम सम्बन्धित घटनाओ को गम्भीरता से लिया जा रहा है जिस की रोकथाम हेतु निर्गत दिशा निर्देशों के अनुपालन में श्रीमान पुलिस अधीक्षक अपराध के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी अपराध बरेली के निकट पर्यवेक्षण में थाना साइबर क्राइम की कार्यवाही के दौरान मोबाइल फोन चोरी कर यूपीआई से बैंक खाता खाली करने वाले गिरोह के 04 अपराधियों को मय चोरी के 45 मोबाइल फोन के दिनांक 25.02.2026 को जनपद बरेली से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 25.02.2026 एनसीआरपी नम्बर 33101260005277 की जांच के क्रम में प्राप्त डाटा के टेक्निकल विश्लेशण व पीडित के खाते से अन्तरित की गयी धनराशि की ट्रान्जेशन आईपी से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नम्बर की लोकशन रेलवे जक्शन बरेली की आ रही थी उक्त लोकेशन पर विश्वास करके थाना साइबर क्राइम जनपद बरेली की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर/साइबर अपराधियों के गिरोह के 04 अभियुक्तों को विभिन्न राज्यो से चोरी किये गये लगभग 15 लाख कीमत के 45 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

अपराध करने का तरीका:-

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण अन्तर्राज्यीय साइबर अपराध के गिरोह के सक्रिय सदस्य है। उक्त अभियुक्तों द्वारा विभिन्न राज्यो के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से मोबाइल फोन को चोरी कर बैंक खातो से यूपीआई के माध्यम से अनाधिकृत रूप से धनराशि को विभिन्न बैक खातो में अन्तरण कर बैक खाता खाली कर देते थे तथा चोरी किये गये मोबाइल फोन को झारखण्ड, पश्चिम बंगाल आदि राज्यो के साइबर अपराधियों को अन्य साइबर अपराध कारित करने की नियत से उपलब्ध करा देते थे। उक्त अभियुक्तों नये मोबाइल फोन चोरी करने की नियत से जनपद बरेली में कई दिनो से मौजूद थे तथा कई मोबाइल फोन भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रो से चोरी कर चुके है। इसी तरह जनपद बरेली में पीडित से चोरी मोबाइल फोन से पीडित के बैंक खाते को उक्त अपराधियों द्वारा खाली कर दिया गया था।

प्रकरण के संबंध में पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0 16/2026 धारा 317(2)/ 317(5)/ 318(4)/ 112(2) बी0एन0एस, 2023 व 66D सूचना प्रोधौगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 ।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-

1. सागर कुमार पुत्र चौहना माहतो नि0- साहिबगंज महाराजपुर झारखण्ड उम्र करीब 26 वर्ष ।
2. सुमित कुमार पुत्र अनिल राय नि0- सुतियाल पाडा थाना राजमहल जिला साहिबगंज झारखण्ड उम्र करीब 19 वर्ष ।
3. आकाश नुनईया पुत्र गणेश नुनईया नि0-आसनसोल भाटापाडा पश्चिम बंगाल,आसनसोल दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय,पश्चिम बंगाल उम्र करीब 24 वर्ष ।
4. ऋषि कुमार पुत्र चौहना माहतौ नि0- साहिबगंज महाराजपुर झारखण्ड उम्र करीब 26 वर्ष उम्र करीब 18 वर्ष ।

बरामदगी का विवरण:-

45 चोरी के मोबाइल फोन, कीमत करीब 15 लाख रूपये।

गिरफ्तार अभियुक्तों का पूर्व आपराधिक इतिहासः-

आकाश नुनईया पुत्र गणेश नुनईया नि0-आसनसोल भाटापाडा पश्चिम बंगाल,आसनसोल दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय,पश्चिम बंगाल उम्र करीब 24 वर्ष ।

1. मु0अ0सं0 0248/18 धारा 41/411/413 IPC थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

सुमित कुमार पुत्र अनिल राय नि0- सुतियाल पाडा थाना राजमहल जिला साहिबगंज झारखण्ड उम्र करीब 19 वर्ष ।

1. मु0अ0सं0 115/2026 धारा 303(2)BNS थाना भौजीपुरा जनपद बरेली।
2. मु0अ0सं0 06/2024 धारा 34/379/411 IPC थाना रानी पोखरी जनपद देहरादून उत्तराखण्ड।
3. मु0अ0सं0 07/2024 धारा 34/379/411 IPC थाना रानी पोखरी जनपद देहरादून उत्तराखण्ड।
4. मु0अ0सं0 08/2024 धारा 34/379/411 IPC थाना रानी पोखरी जनपद देहरादून उत्तराखण्ड।
5. मु0अ0सं0 09/2024 धारा 34/379/411 IPC थाना रानी पोखरी जनपद देहरादून उत्तराखण्ड।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

- उ0नि0 श्री गुरमीत तोमर, साइबर थाना, बरेली।
- उ0नि0 श्री कित सिंह चौहान साइबर थाना, बरेली।
- उ0नि0 श्री शिवम सक्सैना साइबर थाना, बरेली।
- उ0नि0 श्री कपिल राघव साइबर थाना, बरेली।
- हे0कां0 941 विलिश कुमार साइबर थाना, बरेली।
- कां0 1819 मनीष कुमार साइबर थाना, बरेली।
- कां0 328 विजय कुमार साइबर थाना, बरेली।
- कां0 2923 सिद्धार्थ सिंह साइबर थाना, बरेली।
- कां0 2895 दीपक कुमार साइबर थाना, बरेली।